परीक्षा नियंत्रक
**Controller Of Examination**

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर– 222003
**Veer Bahadur Singh Purvanchal University,
Jaunpur - 222003**

# कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि सम सेमेस्टर सत्र 2024–25 का परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया जा रहा है।

पूर्व में बी.काम., एम.काम., बी.एस–सी. (कृषि), बी.एस–सी., एवं बी.ए. के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये है।

**घोषित परिणामों के समस्त सारणीयन पंजिकायें (टी.आर.) महाविद्यालयों के लागिंन पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं यदि किसी महाविद्यालय के किसी भी पाठ्यक्रम/विषयों के परीक्षा परिणाम में किसी भी प्रकार की त्रुटि/संशोधन वांछित हो तो परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक माह के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग को समुचित साक्ष्यों सहित अनिवार्य रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करें, जिससे तत्काल उसका निस्तारण कराया जा सके। परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक माह के उपरान्त प्राप्त प्रत्यावेदनों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।**

डॉ0 (विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन :– 2119/गोप0/25 दिनांकः 16 जुलाई 2025

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संबन्धित छात्र/छात्राओं को सूचना अपने स्तर से भी देने का कष्ट करें।
2. समस्त सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्र हित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, एजेन्सी पोस्ट परीक्षा परिणाम, को इस आशय से प्रेषित कि महाविद्यालयों के लॉगिंन पर टी0आर0 उपलब्ध कराने तथा परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित प्राप्त समस्त प्रत्यावेदनों का निस्तारण तत्काल करना सुनिश्चित करें।
4. वेबमास्टर, को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
6. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्तअधिकारी।
7. प्रशासनिक अधिकारी, परीक्षा/अतिगोपनीय/गोपनीय अनुभाग।
8. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

परीक्षा नियंत्रक